newsjankalyanseva@gmail.com

साप्ताहिक

# जनकल्याण सेवा

ठाणे | वर्ष - २२ | अंक - ३५ | १८ से २४ सितंबर २०२३ | पृष्ठ - ४ | कीमत : २ रु. | Postal Reg. No. PLG/08/2022-2024

## संपादकीय



संपादक सीमा गुप्ता

## महंगाई के मोर्चे पे राहत की खबर

पर्व–त्योहार के मौसम की शुरुआत के मद्देनजर महंगाई के मोर्चे पर राहत की खबर है। जुलाई की तुलना में अगस्त के दौरान खाद्य वस्तुओं, सब्जियों की कीमतों में कुछ गिरावट आई है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक अगस्त में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर ६.८३ फीसद पर आ गई, जो इससे पहले जुलाई में पंद्रह महीने के उच्चतम स्तर ७.४४ फीसद पर थी। हालांकि यह भी बहुत खुश होने जैसी स्थिति नहीं है, क्योंकि यह अभी भी भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित दो फीसद घट–बढ़ के साथ छह फीसद के दायरे से ऊपर है। खाने–पीने की चीजों की महंगाई दर भी कम हुई है, जो जुलाई के ११.५१ फीसद से घट कर अगस्त में ९.९४ फीसद पर आ गई है। अगस्त में सब्जियों की महंगाई दर नरम पड़ कर २६.१४ फीसद रही जो जुलाई में ३७.४ फीसद थी। तेल और वसा उत्पादों, मांस, मछली, अंडा और चीनी आदि की कीमतें भी घटी हैं। जाहिर है, स्थिति पहले के मुकाबले सुधरी है। हालांकि यह अभी भी बहुत अच्छी नहीं है। दरअसल, खाद्य वस्तुओं एवं सब्जियों की कीमतों को लेकर स्थानीय बाजारों का जायजा लें तो सरकारी आंकड़े से इतर तस्वीर दिखती रही है। फल और सब्जी विक्रेता के समक्ष आम आदमी कसमसाता, जेब टटोलता ही नजर आता है। उसकी जेब अभी भी खुलकर खरीदारी की इजाजत नहीं दे रही है। कुछ समय पहले ढाई सौ रुपए प्रति किलो तक बिके टमाटर की कीमतों में जरूर काफी राहत देखी गई, लेकिन कई आम उपयोग में आने वाली हरी सब्जियां बाजार में साधारण लोगों की क्रय शक्ति की सीमा से बाहर ही रहीं। ना एक देश एक चुनाव और ना ही कोई भभ बिल, सरकार ने इन मुद्दों पर मंथन के लिए बुलाया संसद का विशेष सत्र, सामने आई .अब खुदरा बाजार के ताजा आंकड़े थोड़ी राहत का संकेत दे रहे हैं। इसे आम उपभोक्ताओं के लिहाज से अच्छा माना जा सकता है, लेकिन अभी इसमें काफी सुधार की जरूरत है। कुछ हरी सब्जियों की कीमतें अब भी ऊंची हैं। हर घर में इस्तेमाल में आने वाला अदरक और लहसुन कीमतों के लिहाज से इस समय महंगा ही कहा जा सकता है। दूसरी ओर, आटा, चावल, गर्म मसाले और दालों की कीमतें चुपचाप बढ़ती जा रही हैं, लेकिन खाद्य तेल में कुछ नरमी जरूर आई है। हालांकि सरकार अपने स्तर पर कीमतों को काबू करने के प्रयास कर रही है।




मिरा रोड केमिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन की वार्षिक सर्वसाधारण सभा मुंबई झोन के कोषाध्यक्ष विजय सुराणा जी, सचिव सुरेश भट्ट जी, सहसचिव एवं भाईंदर केमिस्ट एसोसिएशन के सचिव साहेबलाल यादव जी,ठाणे केमिस्ट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष रमेश चौधरी जी,भाईंदर केमिस्ट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष सूरेश चौधरी जी,की प्रमुख उपस्थित में सम्पन्न हुई जिसमें केमिस्ट (रिटेल/होलसेल) के विविध विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई इस आयोजन के लिए मिरा रोड केमिस्ट एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों एवं पूरी कमिटी का धन्यवाद आभार

# अब नहीं बचेंगे भुमाफिया, मनपा की होगी कडी कारवाई

**जेकेएस संवाददाता**

भाईंदर : जैसे जैसे जनसंख्या में वृद्धी हो रही है वैसे वैसे शहर में अवैध निर्माण धडल्ले चल रहा है. मनपा की सत्ता पर हर बार आयुक्त बदलता है पर अवैध निर्माण बंद नहीं होते. जब कोई आयुक्त पदभार ग्रहण करता है तो शुरुवात में तो ऐसा लगता है गि अवैध निर्माण बंद होगा. परंतु वहीं राजनेताओं की सरपरस्ती में अवैध निर्माण ठंडे बस्ते में चला जाता है. इसी क्रम में मीरा भाईंदर महानगरपालिका में आयुक्त पद पर आईएएस संजय काटकर की नियुक्ति होने के बाद अब उम्मीद की जा रही है की शहर में पिछले कुछ महीनों में बडी तेजी से बने अवैध निर्माणों पर तोडक़ कारवाई शुरू की जा जाएगी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मनपा आयुक्त संजय काटकर ने सभी प्रभागों से जारी की गई रिपेयरिंग परमिशन की पूर्ण जानकारी मंगवाई है, साथ ही अब अनावश्यक रिपेयरिंग परमिशन जारी करने के लिए सख्त रोक लगा दी है। आरोप है कि पिछले कुछ महीनों में अधिकतर अवैध निर्माण रिपेयरिंग परमिशन की आड.में किए गए है, जबकि उत्तन स्थित शालू कंपाउंड और एडू कंपाउंड परिसर में बिना किसी अनुमति के ३ – ३ मंजिला दो इमारत और लगभग १० – १२ बंगले पूर्ण अवैध रूप से निर्मित किए गए है। ज्ञात रहे कि तात्कालीन उपायुक्त (अतिक्रमण) अजीत मुठे ने २५ अगस्त २०२० को पुलिस बंदोबस्त के साथ उत्तन धावगी स्थित एड कंपाउंड में सर्वे क्रमांक



५९ हिस्सा क्रमांक ५ पर अधनिर्मित २ मंजिला अवैध इमारत पर बुलडोजर चलाकर तोड़क कारवाई की थी। अवैध इमारत के विकासक एडवर्ड गोंसाल्विस ने न्यायालय से स्थगन आदेश प्राप्त कर उक्त तोडक कारवाई को बीच में ही रुकवा दिया था जिसके कारण सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कुछ समय बाद उक्त तोडी हुई अवैध इमारत को प्रभाग अधिकारी ने रिपेयरिंग परमिशन जारी की थी, जिसके सहारे विकासक ने तोड़ी हुई अवैध इमारत का पुन: निर्माण शुरू कर दिया। इतना ही नहीं विकासक एडवर्ड गोंसाल्विस ने न्यायालय से कहा की उन्होंने मीरा भाईंदर महानगरपालिका के नगररचना विभाग में इमारत बांधने हेतु परमिशन मांगी थी परंतु विभाग ने कोई जवाब नही दिया। जब हमने नगररचना विभाग से उक्त सर्वे नंबर पर बांधी जा रही इमारत के संदर्भ में जारी परमिशन की जानकारी मांगी तो पता चला कि नगररचना विभाग ने उक्त जगह पर इमारत बांधने हेतु कोई परमिशन जारी नहीं की है। साथ ही विधी विभाग से जानकारी मांगने पर पता चला कि विकासक ने न्यायलय से मामला वापस ले लिया है, मतलब की अब उक्त इमारत पर तोडक कारवाई करने कोई स्थगन आदेश नहीं है। तदानुसार, विधि विभाग ने संबंधित प्रभाग अधिकारी को उक्त अवैध इमारत पर कारवाई करने हेतु स्थगीति आदेश न होने की जानकारी १७ मार्च २०२३ को ही दे दी थी। बावजूद इसके प्रभाग अधिकारी ने उक्त इमारत के अवैध निर्माण पर कोई कारवाई नही की। परंतु दुर्भाग्यवश आज तक इन भूमाफियाओं के अवैध निर्माणों पर कोई तोडक कारवाई नही हुई। हालांकि, अब मनपा आयुक्त संजय काटकर ने सभी प्रभागों से जारी की गई रिपेयरिंग परमिशन की जानकारी मंगवाई है, उम्मीद की जा रही है की यह आईएएस अधिकारी किसी भूमाफिया से कॉम्प्रोमाइज नही करेंगे और सभी अवैध निर्माणों को जमींधवात कर भूमाफियाओं पर एमआरटीपी के तहत मामला दर्ज करने का आदेश जारी करेंगे।

# बारिश के चलते विमान हादसा,यात्री हुए घायल

मुंबई, मुंबई हवाई अड्डे पर एक बड़ा हादसा हो गया, जिसमें ८ लोगों के साथ एक निजी जेट रनवे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह हादसा शाम ५.०४ बजे हुआ, विमान में ६ यात्री और २ क्रू मेंबर सवार थे। इन ६ यात्रियों में एक यात्री डेनमार्क का रहनेवाला है। वाईजेग–मुंबई से संचालित होनेवाला जेट मुंबई में हो रही भारी बारिश के कारण उचित लैंडिंग नहीं कर पाया, जिसकी वजह से उसमें आग लग गई। ऐसे में इस व्रैंश लैंडिंग से एविएशन के खतरे उजागर होने के साथ ही मुंबई एयरपोर्ट की सुरक्षा पर सवाल उठने लगे हैं। मिली जानकारी के अनुसार, दुर्घटनाग्रस्त विमान में क्रू मेंबर के साथ कुल ८ लोग सवार थे, जिनमें ७ भारतीय और १ विदेशी यात्री था। विमानन नियामक



डीजीसीए ने पुष्ठि की है कि १ विमान में ६ यात्री और चालक दल के २ सदस्य सवार थे। भारी बारिश के कारण दृश्यता ७०० मीटर थी। वेबसाइट के अनुसार, वीएसआर एविएशन एक नई दिल्ली स्थित कंपनी है, जो कॉर्पोरेट और अन्य लोगों को सुरक्षित व किफायती हवाई यात्रा सेवा प्रदान करती है। विमान हादसे में सभी सदस्य गंभीर रूप से घायल हैं। जानकारी के मुताबिक, विमान में मौजूद यात्री, क्रू मेंबर, पायलट और सह पायलट सहित कुल ८ घायलों को क्रिटी केयर अस्पताल भेजा गया है। इन सभी लोगों के गंभीर रूप से घायल होने की आशंका जताई जा रही है। भारतीय विमानन नियामक, डीजीसीए ने गुरुवार शाम मुंबई हवाई अड्डे पर हुई निजी जेट दुर्घटना की जांच के लिए एक विमान जांच बोर्ड (एआईबी) का गठन किया है। अधिकारियों ने बताया कि शाम करीब ५.०४ बजे हुई घटना के बाद हवाईअड्डे के दोनों रनवे को कुछ समय के लिए बंद कर दिया गया और शाम करीब ६.४७ बजे एक रनवे पर परिचालन फिर से शुरू हो गया।

# पुलिस के शिकंजे में वाहन चोर, कई चोरियों का हुआ खुलासा

**जेकेएस संवाददाता**

वसई : एमबीवीवी पुलिस आयुक्तालय अंतर्गत क्राइम ब्रांच यूनिट २ ने वाहन चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करके १७ मामले को सुलझाते हुए ५ लाख से अधिक का माल जप्त किया है। यूनिट २ के पुलिस निरीक्षक शाहूराज रणवरे के नेतृत्व में सपोनि सुहास कांबले व सागर शिंदे की टीम ने यह सफलता पाई है। पुलिस ने बताया कि आचोले थाने में शिकायतकर्ता दिपक मदनलाल शाह (४५) ने ३१ अगस्त व १ सितंबर की रात्रि के दरम्यान आचोले रोड, जया पॅलेस नालासोपारा– पूर्व में रोड पर वॅगनार कार क्रमांक एमएच ३८ ओ.डब्ल्यू १०१२ खड़ी किया था। अज्ञात चोर उपरोक्त वाहन चोरी कर फरार हो गए। इस मामले में पीडित की शिकायत पर आचोले थाने में अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। वसई यूनिट २ ने वाहन चोरी के अपराध स्थल पर जाकर सीसी टीवी फुटेज की जांच



की जा रही थी। अचोले पुलिस स्टेशन ४२३/२०२३ की धारा ३७९ के अनुसार इस वाहन चोरी अपराध में चोरी हुई वॅगनार कार के सीसीटीवी फुटेज का पता लगा ही रही थी की इसी बीच उक्त वॅगनार कार श्रीराम नगर, नालासोपारा–पूर्व में दुर्घटनाग्रस्त हालत में मिली। उक्त दुर्घटनाग्रस्त वाहन के चालक के संबंध में आस–पास के क्षेत्र में जांच करने पर पता चला कि उक्त आरोपी को दुर्घटना में माथे पर चोट आयी थी। पुलिस ने पता लगाना चालू किया कि घायल आरोपी दुर्घटनास्थल के आस–पास इलाज के लिए गया होगा। अस्पताल में जांच करने पर पता चला कि आरोपी धानिव बाग स्थित साईं अस्पताल में इलाज कराया था। आरोपी शादाब उर्फ बाबा उर्फ तावडे.नौशाद शेख २३ को हिरासत में लेकर जांच किया, तो पता चला कि यही आरोपी है। अपराध में गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ आगे की जांच की गई तो कमिश्नरेट क्षेत्र अंतर्गत वाहन चोरी के ११ मामले, १ घरफोडी चोरी, १ मोबाइल चोरी व १ अन्य चोरी कुल १४ मामले व मुंबई पुलिस आयुक्तालय अंतर्गत ३ मामले का खुलासा हुआ है। गिरफ्तार आरोपी से वाहन चोरी, सेंधमारी व अन्य चोरी की कुल १७ वारदातों का खुलासा हुआ है।

# बॉडी कैमरे उपलब्ध कराने में प्रशासन नाकाम

**जेकेएस संवाददाता**

भाईंदर : राज्य के गृह विभाग ने मीरा रोड बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर पीठ में एक याचिका के बाद ट्रैफिक पुलिस को बॉडी कैमरे उपलब्ध कराने का फैसला किया था। फिर साल २०२१ में नागपुर ट्रैफिक पुलिस को २०० बॉडी कैमरे मिले. कोरोना में पुलिस ने नगर पालिका से वसूला जुर्माना. नांदेड. नगर निगम के आयुक्त डॉ. सुनील लहणे ने नगर पालिका के माध्यम से पुलिस को १२ बॉडी कैमरे दिए थे. लेकिन भले ही वर्ष २०२३ समाप्त हो जाए, मीरा भयंदर वसई विरार आयुक्तालय के ट्रैफिक पुलिस और ठाणे–पालघर आरटीओ निरीक्षकों को बॉडी कैमरे देने का निर्णय संबंधित प्रशासन का नहीं है, लेकिन बॉडी कैमरे आवश्यक हैं और इससे झूठे आरोपों को रोका जा सकेगा।, जबरदस्ती और धमकी आदि। बॉडी कैमरे उपलब्ध कराने के लिए संबंधित स्थानीय विभाग की ओर से अभी तक कोई दस्तावेज. प्रस्ताव या निर्णय नहीं आया है। बॉडी कैमरे को केवल पढ़ने योग्य समाचार कहा जाता है। इसलिए यह अभी भी अनिश्चित है कि बॉडी कैमरे कब उपलब्ध



होंगे। नांदेड.नगर निगम की मानें तो वहां ट्रैफिक पुलिस को जो बॉडी कैमरा उपलब्ध कराया गया है, उसे आरटीओ इंस्पेक्टर या ट्रैफिक पुलिस द्वारा बॉडी पर लगाने के बाद १५ मीटर की दूरी तक फिल्माया जा सकता है। १२८ जीबी मेमोरी और ३२ मेगापिक्सल वाला कैमरा रात में भी तस्वीरें लेता है। अगर आरटीओ इंस्पेक्टर और ट्रैफिक पुलिस कार्रवाई करते हैं तो अक्सर नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई होती है। नेता या अन्य महत्वपूर्ण लोग नाम लेकर दबाव बनाते हैं। और तो और, कुछ लोग तो पुलिस आरटीओ पर झूठे आरोप भी लगा देते हैं। इसलिए, यदि बॉडी कैमरा है, तो रिकॉर्डिंग सभी तथ्यात्मक साक्ष्य प्रदान करेगी। उस रिकॉर्डिंग को सबूत माना जाएगा.

# मिरा भाईंदर का गुटखा किंग अक्रमबाबू पर हो सकती है पुलिस की कारवाई

**जेकेएस संवाददाता**

मीरारोड : महाराष्ट्र में गुटखा जैसे जहरीले कारोबार पर प्रतिबंध लगाया गया है, मगर सच्चाई यह भी है कि यह प्रतिबंधित गुटखा आसानी से पान की लगभग हर दुकानों पर मिल भी जाता है और इसका सबसे बडा कारण यह है कि इसके पीछे गुटखा के उन तस्करों का बहुत बडा हाथ है, जो अपने रैकेट के जरिए राज्यभर में प्रतिबंधित गुटखा को उपलब्ध कराते हैं। इसका खुलासा गत ९ सितंबर २०२३ को मनोर पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आने वाले मुंबई–अहमदाबाद राष्ट्रीय महामार्ग–४८ पर स्थित चिल्लार फाटा के श्रीसाईं जौनपूर ढाबा के सामने १६८ बोरी गुटखा के साथ पकडे गए ट्रक ड्राईवर ने भी किया है, जिसे यु.व्ही.इंगवले (सहायक आयुक्त, गुप्तवार्ता विभाग मुख्यालय मुंबई), डी.एस.सालुंखे (सहायक आयुक्त, अन्न, पालघर), आर.एस.ताकाटे (अन्न सुरक्षा अधिकारी, गुप्तवार्ता विभाग ठाणे) व अ.म.रणदिवे (अन्न सुरक्षा अधिकारी, पालघर) ने अपनी हिरासत में ले रखा है। दरअसल उपरोक्त



अधिकारियों को गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त स्थल पर राजस्थान से चलकर गुटखाभरा एक ट्रक आया हुआ है, जिसके बाद इन अधिकारियों ने वहां पहुंचकर जब जांच–पडताल शुरु की, तब गुटखा के इस बडे कारोबार का सनसनीखेज खुलासा हुआ। बताया जाता है कि १६८ बोरी गुटखा के साथ पकडे गए ट्रक ड्राईवर अमर सिंह रामजीलाल यादव ने पूछताछ में गुटखा के उन कई कारोबारियों का नाम भी उगल दिया है, जो मुंबई व मीरा–भाईंदर के साथ–साथ आस–पास के उपनगरों में गुटखा के कारोबार को संचालित करते हैं। इसमें मीरा–भाईंदर के इब्राहिम यासीम पटेल उर्फ अक्रम बाबू नामक एक शख्स का नाम उभरकर सामने आया है, तो श्रीनाथ सिंह, रामविलाश यादव, राजेश वालिया, विकास गुप्ता व शिवप्रकाश गुप्ता उर्फ आशु गुप्ता के नाम का भी ट्रक ड्राईवर ने खुलासा किया है, जो वसई–विरार व नालासोपारा सहित आस–पास के अन्य क्षेत्रों में गुटखा के अवैध कारोबार में लिप्त हैं। बताया जाता है कि पकडे गए ट्रक ड्राईवर के खुलासे के बाद स्थानीय पुलिस इस पूरे मामले की तहकीकात में जुट गई है और बहुत जल्द उपरोक्त संबन्धित लोगों के अलावा इस काले कारोबार से जुडे कुछ अन्य लोगों की भी गिरफ्तारी हो सकती है। मीरा–भाईंदर शहर में गुटखा किंग के रुप में इब्राहिम यासीम पटेल उर्फ अक्रम बाबू के नाम का खुलासा कुछ दिनों पहले एक गुटखा के साथ पकडे गए ट्रक ड्राईवर ने भी इब्राहिम यासीम पटेल उर्फ अक्रम बाबू का नाम उजागर कर दिया है, तो ऐसे में इस बात की चर्चा होने लगी है कि मीरा–भाईंदर शहर से इब्राहिम यासीम पटेल उर्फ अक्रम बाबू नामक शख्स की बहुत जल्द गिरफ्तारी हो सकती है और इसकी गिरफ्तारी के बाद वे नाम भी उभरकर सामने आ सकते हैं, जो इस काले कारोबार के मकड जाल को शहर में फैला रखा है और उन अधिकारियों के नाम का भी खुलासा हो सकता है, जिनकी शह पर युवा पीढी को बर्बाद कर रहे इस कारोबार को शहर में संचालित किया जाता रहा है। क्योंकि जहररुपी गुटखा का यह अवैध कारोबार हमारे शहर की युवा पीढी को बर्बाद कर रहा है। सबसे आश्चर्यजनक बात तो यह है कि प्रतिबंधित होने के बाद भी शहर में गुटखा किसी भी पान टपरी पर आसानी से मिल जाता है और स्थानीय पुलिस आंखे मूंद कर इस काले कारोबार को धडल्ले से चलने देती है, जबकि इससे जुडे कई कारोबारियों के नाम पहले से ही सामने आते रहे हैं और अब तो हिरासत में लिए गए ट्रक ड्राईवर ने भी कईयों के नाम का खुलासा कर दिया है। अगर स्थानीय पुलिस चाहे, तो शहर में अवैध गुटखा का एक भी पैकट उतर नहीं सकता है और इससे हमारी युवा पीढी बच सकती है।

# होनहार विद्यार्थियों का किया सत्कार और आर्थिक मदद मैथिल विकास प्रतिष्ठान ने की

**जेकेएस संवाददाता**

मीरारोड : मैथिल विकास प्रतिष्टान द्वारा कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन पेपिलन होटल कनकिया मीरा रोड में सम्पन्न हुआ । इस कार्यक्रम में प्रतिभाशाली छात्रों का सम्मान व सहायता की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रतिष्टान के सचिव आचार्य गौरीकान्त झा के शान्ति पाठ, सरस्वती वंदना, दीप प्रज्वलन, भगवती गीत और राष्ट्रगान से हुआ । प्रतिष्टान के छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल ५५ छात्रों को स्टडी मैटेरियल किट, ११ छात्रों को आर्थिक मदद और ३ छात्र को



लैपटॉप प्रदान किया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्रों को मेडल, मेरिट सर्टिफिकेट और टॉप ६ छात्रों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया । प्रोफेसर अभय ठाकुर, प्रोफेसर संजय झा और सीए रमेश पांडे, डॉ मोहन झा , निलेश झा द्वारा छात्रों को मोटिवेट किया गया । कार्यक्रम को सफल बनाने में वंदना मिश्र , साधना झा , रिंकी पांडे, प्रकाश चौधरी, शेखर सिंह ने अपना अमूल्य योगदान दिया। प्रतिष्टान के अध्यक्ष आमोद झा ने रामधारी सिंह दिनकर की कविता से प्रेरणा लेकर समाज हित मे कार्य करते रहने के लिए सभी सदस्यों को आवाहन किया । साथ ही प्रतिष्टान के स्थापना से लेकर आज तक का रिपोर्ट कार्ड प्रतिष्टान के सदस्यो के बीच रखा। विधायक प्रताप सरनाईक ने प्रतिष्टान के वार्षिक रिपोर्ट का विमोचन किया। इस अवसर पर उनके साथ विक्रम प्रताप सिंह और राजू भोइर भी उपस्थित थे। सरनाईक ने प्रतिष्टान का अगला वार्षिक कार्यक्रम मैथिली समाज भवन में किए जाने का आश्वासन सभी पदाधिकारियों के समक्ष दिया।

# एक ऐसा मंदिर जहां सभी धर्म के लोग टेकते मत्था

## २१ मई १९८३ को चेन्नई से वेलंकनी माता की मूर्ति लाकर यहां की गई थी स्थापित

भायंदर, भायंदर पश्चिम के उत्तन परिसर में अरब सागर के किनारे प्राकृतिक सौंदर्य के बीच भाटे बंदर गांव में छोटी सी पहाडी पर स्थित वेलंकनी माता तीर्थ मंदिर सभी के आस्था का केंद्र बन गया है. मूलत: कोली, क्रिश्चियन समाज के इस मंदिर में करीब करीब सभी धर्मों से जुडे.लोग दर्शन के लिए आते हैं. २१ मई १९८३ में एक छोटे से मंदिर का निर्माण कर चेन्नई से वेलंकनी माता की मूर्ति लाकर यहां स्थापित की गई थी. इस मूर्ति को पहले भाटे गांव के गसपाल गंडोली ने अपने घर के सामने इस मूर्ति को स्थापित (इमाज) करने के लिए लाए थे, लेकिन १९८३ में दर्या माता चर्च के तत्कालीन धर्म गुरु फादर फ्रांसिस कोरिया की सलाह पर वेलंकनी माता की मूर्ति को भाटे बंदर की पहाडी पर छोटा मंदिर ( चैपल) बनाकर उसमें स्थापित किया गया था.



इसके पीछे की मुख्य वजह यह भी बताई जाती है की पहले भाटे बंदर के ग्रामीणों को गोराई, मनोरी जाने के लिए कोई आवागमन की सुविधा नहीं थी. लोग शॉर्ट कट रास्ता के रूप में समुद्र के किनारे-किनारे इस मार्ग से आते जाते थे. तब यह इलाका सुनसान होने की वजह से डरावना और खतरनाक था. १९५९ में ब्रदर हरमने ने वहां येशु क्राइस्ट का एक क्रास बनवाया था. उसी से प्रेरणा लेकर वहां मंदिर का निर्माण किया गया. वर्ष २००० में उत्तन के तत्कालीन फादर सायमन बोजिंस के मार्गदर्शन में यहां भव्य मंदिर का निर्माण किया गया. मार्च २०१३ में तत्कालीन ठाणे जिला पालकमंत्री गणेश नाईक के प्रयासों से इस मंदिर को सरकारी दस्तावेजों में दर्ज किया गया. वर्तमान में फादर पीटर डिकोना इस मंदिर की देखरेख व पूजा प्रार्थना करते हैं.

वेलंकनी माता का प्रसिद्ध मंदिर चेन्नई में है. जहां प्रति वर्ष लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए जाते है. तत्कालीन फादर फ्रांसिस कोरिया ने स्थानीय ग्रामीण गसपाल गंडोली से आग्रह किया था कि गांव के सभी लोग प्रति वर्ष दर्शन के लिए चेन्नई नहीं जा सकते, इसलिए यही मंदिर में माता की मूर्ति स्थापित करें, तब ९ दिन नोव्हेना करने के बाद १०वें दिन मूर्ति स्थापित की गई. अब यहां सभी धर्मों के लोग दर्शन के लिए आते है. यहां सभी की मन्नतें पूर्ण होती है. कोली, क्रिश्चियन समाज के लिए मुंबई में यह दूसरा तीर्थ स्थल है

-फादर पीटर डिकोना, वेलंकनी तीर्थ मंदिर, उत्तन, भयंदर

भायंदर पश्चिम में अरब सागर के किनारे एक टीले पर स्थित कोली समाज के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल वेलंकनी माता का ११ दिवसीय भव्य मेला प्रतिवर्ष २९ अगस्त से शुरू होता है. इस मेले में मुंबई, पालघर, वसई विरार आदि क्षेत्र से हजारों की संख्या में श्रद्धालु आते है. वेलंकनी माता की प्रसिद्धि मन्नत पूर्ण करने वाली माता के रूप में है

– अजीत गंडोली, स्थानीय भक्त, उत्तन, भायंदर

# गणपति विसर्जन के लिए नए कृत्रिम तालाबों पर रोक

भायंदर। मीरा भायंदर महानगरपालिका के नवनियुक्त आयुक्त संजय काटकर ने गणपति विसर्जन के लिए नए कृत्रिम तालाबों पर ब्रेक लगा दिया है। समझा जाता है कि महापालिका की आर्थिक बचत को ध्यान में रखते हुए आयुक्त ने यह फैसला किया है। पिछले वर्ष जहां मीरा भायंदर शहर में गणपति विसर्जन के लिए ४ कृत्रिम तालाब बनाए गए थे वहीं इस बार केवल दो स्थानों पर ही कृत्रिम तालाब बनाए जाने की मंजूरी मिली है। २०१२ में शहर में केवल एक ही कृत्रिम तालाब का निर्माण किया गया था जबकि पिछले वर्ष भायंदर पश्चिम में नेताजी सुभाष चंद्र बोस मैदान, मीरा रोड में जागस पार्क तथा शिवार गार्डन और भायंदर पूर्व में शंकर नारायण महाविद्यालय में कृत्रिम तालाब बनाए गए थे। इस वर्ष आयुक्त ने केवल शिवार गार्डन तथा जागस पार्क में ही कृत्रिम तालाब बनाए जाने की मंजूरी दी है।

# २४ की उम्र में ३० गुनाह दर्ज, शातिर चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जेकेएस संवाददाता**

कल्याण : कल्याण की खड़कपाड़ा पुलिस ने एक ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसके ऊपर एक-दो नहीं, बल्कि ढाई दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। मुंबई, नई मुंबई और ठाणे की पुलिस उसकी शरगर्मी से तलाश कर रही थी। आखिरकार खड़कपाड़ा पुलिस ने खतरनाक आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां कोर्ट ने उसे पुलिस हिरासत में भेज दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, कल्याण-डोंबिवली में चोरी, चेन स्नेचिंग के मामले लगातार बढ़ रहे थे। खड़कपाड़ा पुलिस ने अपने वरिष्टों के मार्गदर्शन में



एक टीम तैयार कर चोरों की तलाश में जुटी हुई थी। घटना को अंजाम देने के बाद शातिर चोर वहां से किसी अन्य शहर में चला जाया करता था। बार-बार जगह बदलने के कारण पुलिस को उसे पकड़ने में काफी परेशानी हो रही थी। आखिरकार खड़कपाड़ा पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि उक्त शातिर चोर अंबिवली के मंगलनगर में आने वाला है। पुलिस ने बताए पते पर जाल बिछाकर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार चोर का नाम दारा जाफरी उर्फ अफरीदी (२४) बताया जा रहा है। उसके ऊपर सरकारी काम में अड़चन पैदा करना, चोरी, चेन स्नेचिंग, घरफोडी सहित अनगिनत मामले दर्ज हैं। कल्याण के एसीपी कल्याण जी घेटे ने बताया कि २४ साल की अवस्था में गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ ३० मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार चोर के पास से पुलिस ने एक मोटर साइकिल, सोने की चेन बरामद किया है। पुलिस उससे पूछताछ करने में जुटी है कि उसके साथ और कौन-कौन लोग शामिल हैं।

# जनता की सुविधा के लिए ऐसी लोकल शुरु करें -जैन

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर : पश्चिम रेलवे के चर्चगेट मुख्यालय सभागृह में मंडल रेलवे उपभोक्ता सलाहकार समिति की हुई बैठक में इसके सदस्य राकेश सोहनराज जैन ने उच्चाधिकारियों के समक्ष स्थानीय रेल समस्याओं पर सजग करने हुए इसे शीघ्र हल करने की मांग की। इस बैठक में जैन ने भायंदर रेलवे स्टेशन के दक्षिण भाग में रेलवे के नये फुटओवर- ब्रिज को आगे महानगरपालिका और एमएमआरडीए के फुटओवर ब्रिज से जोडने तथा रेलवे और महानगरपालिका अधिकारियों द्वारा संयुक्त मुआयना करके यह सुविधा देने की मांग की। समिति के सदस्य और रेलवे पेसेंजर्स एसोसिएशन, मीरा भायंदर के महासचिव राकेश जैन ने सुबह ७.३० बजे से ८.३० बजे के बीच में भायंदर से एक और एसी लोकल ट्रेन शुरू, करने का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि इस दौरान भायंदर से ३ बिना एसी ट्रेन है जिनमें से एक को एसी किया जाए। इस पर रेलवे के अधिकारियों ने नए एसी कोच आने पर ही यह संभव होने की बात कही। जैन ने सुझाव दिया कि भायंदर और मीरा रोड पश्चिम क्षेत्र में २ नये प्लेटफार्म बोरीवली की तरह निर्मित किये जाएं।

# मीटर कनेक्शन काटने गए महावितरण के दो कर्मचारियों की पिटाई

**जेकेएस संवाददाता**

कल्याण : डोंबिवली में बिजली विभाग के टेक्नीशियन सहित दो कर्मचारियों की पिटाई किए जाने का मामला सामने आया है। बुधवार शाम खंडोबा मंदिर के पास मनीबाई निवास में बिजली विभाग के टेक्नीशियन अमोल और उनके सहयोगी आकाश गायकवाड मीटर काटने गए थे। कारण उक्त कनेक्शन का बिल नहीं भरा गया था। कनेक्शन काटते वक्त तेजस शिर्के और शुभम शिर्के से बहस हुई, जिससे नाराज दोनों ने बिजली विभाग के वरिष्ट टेक्नीशियन अमोल दुड्डे और आकाश गायकवाड नामक कर्मचारी की पिटाई कर दी। इस मामले में विष्णुनगर पुलिस ने तेजस शिर्के और शुभम शिर्के नामक दो लोगों के खिलाफ सरकारी काम में अडचन सहित विभिन्नधाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। विष्णुनगर पुलिस के अनुसार, डोंबिवली के खंडोबा मंदिर के पास मनीबाई निवास की चौथी मंजिल पर रहने वाले तेजस शिर्के और शुभम शिर्के ने बिजली का बिल नहीं भरा था। बिल न भरने के कारण बिजली विभाग ने उनके घर की बिजली आपूर्ति खंडित करने का आदेश दिया। आदेशानुसार बिजली विभाग के वरिष्ट टेक्नीशियन अमोल और उनके सहयोगी आकाश गायकवाड स्वयं मौके पर गए और मीटर कनेक्शन काट दिया, जिसको लेकर तेजस शिर्के व शुभम शिर्के ने कर्मचारियों के साथ मारपीट और गाली-गलौज एवं धक्का-मुक्की कर उनकी पिटाई कर दी।








LiFE स्वच्छ सर्वेक्षण 2023

एकल वापर (सिंगल युज) प्लास्टिकचा वापर बंद करणेबाबत

काय वापरू नये ?

केंद्रीय पर्यावरण, वने व हवामान बदल मंत्रालयाने ऑगस्ट २०२१ मध्ये अधिसूचित केलेल्या सुधारित प्लास्टिक कचरा व्यवस्थापन नियम २०२१ व महाराष्ट्र प्लास्टिक व थर्माकोल अधिसूचना २०१८ तसेच अधिसूचना दिनांक ३० नोव्हेंबर, २०२२ अन्वये खालील गोष्टी प्रतिबंधित आहेत.

- सजावटीसाठी प्लास्टिक व पॉलिस्टीरिन (थर्माकोल)
- मिठाईचे बॉक्स, आमंत्रण कार्ड व सिगारेटची पाकिट यांची प्लास्टिक आवरणे (५० मायक्रॉनपेक्षा कमी जाडीचे प्लास्टिक पॅकेजिंग)
- प्लास्टिकच्या काड्यांसह कानकोरणी, फुग्यांसाठी प्लास्टिकच्या काड्या, प्लास्टिकचे झेंडे, कँडी कांड्या आईस्क्रीम कांड्या
- प्लेट्स, कप, ग्लासेस, कटलरी जसे काटे, चमचे, चाकू, पिण्यासाठीचे स्ट्रॉ, ट्रे, ढवळण्या (स्टिरर्स)
- १०० मायक्रॉनपेक्षा कमी जाडीचे पीव्हीसी बॅनर्स यावर बंदी आहे
- कंपोस्टेबल प्लास्टिक (कचरा, नर्सरीच्या पिशव्या आणि कंपोस्टेबल प्लास्टिकपासून बनविलेले SUP सोडून) (कंपोस्टेबल प्लास्टिक असल्याबाबत सेंट्रल इन्स्टिट्यूट ऑफ प्लास्टिक इंजिनियरींग ऑण्ड टेक्नॉलॉजी (CIPET) व केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण मंडळाकडून प्रमाणित करून घेणे बंधनकारक राहील.)
- सर्व प्रकारच्या प्लास्टिकच्या पिशव्या (कॅरी बॅग्स) हॅण्डल असलेल्या व नसलेल्या
- नॉन वोवन बॅग्स (६० जीएसएम पेक्षा कमी जाडीच्या)
- डिश, बाउल, कन्टेनर (डबे)

प्लास्टिक आणि थर्माकोल अधिसुचनेनुसार दंड

प्रथम गुन्हा केल्यास रक्कम रुपये ५०००/-
द्वितीय गुन्हा केल्यास रक्कम रुपये १००००/-
तृतीय गुन्हा केल्यास रक्कम रुपये २५०००/- व ३ महिने कारावास

१ जुलै, २०२२ पासून संपूर्ण देशात सिंगल युज प्लास्टिक वापरावर बंदी आहे.

# विश्वेश्वरय्या जी की याद में अभियांत्रिक दिवस बडे हर्षोल्लास के साथ हुआ संपन्न, मीरा भाईंदर मनपा मुख्यालय में अभियांत्रिक दिवस मनाया गया

**जेकेएस संवाददाता**

भाईंदर : भाईंदर। देश के अभियांत्रिकी तंत्रज्ञान के महान रचनाकार अभियंता भारतरत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वर-या की जयंती के शुभावसर पर हर्षोल्लास से मीरा-भाईंदर महानगर पालिका मुख्यालय के प्रांगण में अभियांत्रिक-दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मनपा के अतिरिक्त उपायुक्त अनिकेत मानोरकर, उपायुक्त (मुख्यालय) मारुति गायकवाड़, शहर अभियंता दीपक ख़ाम्बित, उपायुक्त रवि पवार, उपायुक्त कल्पिता पिंपले, जल-विभाग के कार्यकारी-अभियंता शरद नानेगांवकर ,उप-अभियंता, शाखा अभियंता व कर्मचारी विशेष रूप से उपस्थित थे। गौरतलब है कि, कार्यक्रम की शुरुवात अभियांत्रिकी तंत्रज्ञान के रचनाकार भारतरत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वर-या के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर हुई। ततपश्चात मनपा में कार्यरत सभी अभियंताओं का पुष्पगुच्छ





देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जल-विभाग के कर्मठ कार्यकारी अभियंता शरद नानेगांवकर ने अभियांत्रिकी-दिवस पर प्रकाश डाला। विश्वेश्वरैया का जन्म १५ सितम्बर को १८६० में मैसूर रियासत में हुआ था, जो आज कर्नाटका राज्य बन गया है। इनके पिता श्रीनिवास शास्त्री संस्कृत विद्वान और आयुर्वेदिक चिकित्सक थे। इनकी माता वेंकचाम्मा एक धार्मिक महिला थी. जब विश्वेश्वरैया १५ साल के थे, तब उनके पिता का देहांत हो गया था। चिकबल्लापुर से इन्होंने प्रायमरी स्कूल की पढाई पूरी की, और आगे की पढाई के लिए वे बैंग्लोर चले गए। १८८१ में विश्वेश्वरैया ने मद्रास यूनिवर्सिटी के सेंट्रल कॉलेज, बैंग्लोर से बीए की परीक्षा पास की। इसके बाद मैसूर सरकार से उन्हें सहायता मिली और उन्होंने पूना के साइंस कॉलेज में इंजीनियरिंग के लिए दाखिला लिया। १८८३ में एग्जाम में उनका पहला स्थान आया. इंजीनियरिंग पास करने के बाद विश्वेश्वरैया को बॉम्बे सरकार की तरफ से जॉब का ऑफर आया, और उन्हें नासिक में असिस्टेंट इंजिनियर के तौर पर काम मिला। एक इंजीनियर के रूप में उन्होंने बहुत से अद्भुत काम किये। उन्होंने सिन्धु नदी से पानी की सप्लाई सुक्कुर गाँव तक करवाई, साथ ही एक नई सिंचाई प्रणाली ब्लाक सिस्टम को शुरू किया। इन्होंने बाँध में इस्पात के दरवाजे लगवाए, ताकि बाँध के पानी के प्रवाह को आसानी से रोका जा सके। उन्होंने मैसूर में कृष्णराज सागर बांध बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ऐसे बहुत से और कार्य विश्वेश्वरैया ने किये, जिसकी लिस्ट अंतहीन है. सन १९०३ में पुणे के खडक़वासला जलाशय में बाँध बनवाया। इसके दरवाजे ऐसे थे जो बाढ.के दबाब को भी झेल सकते थे, और इससे बाँध को भी कोई नुकसान नहीं पहुँचता था। इस बांध की सफलता के बाद ग्वालियर में तिगरा बांध एवं कर्नाटक के मैसूर में कृष्णा राजा सागरा का निर्माण किया गया। कावेरी नदी पर बना कृष्णा राजा सागरा को विश्वेश्वरैया ने अपनी देख रेख में बनवाया था। इसके बाद इस बांध का उद्घाटन हुआ। जब ये बांध का निर्माण हो रहा था, तब एशिया में यह सबसे बडा जलाशय था। सन १९०६-०७ में भारत सरकार ने उन्हें जल आपूर्ति और जल निकासी व्यवस्था की पढाई के लिए अवेदन भेजा. उनके द्वारा बनाये गए प्रोजेक्ट को आवेदन में सफलतापूर्वक कार्यान्वित किया गया। हैदराबाद सिटी को बनाने का पूरा श्रेय विश्वेश्वरैया जी को ही जाता है। उन्होंने वहां एक बाढ. सुरक्षा प्रणाली तैयार की, जिसके बाद समस्त भारत में उनका नाम हो गया। उन्होंने समुद्र कटाव से विशाखापत्तनम बंदरगाह की रक्षा के लिए एक प्रणाली विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी. विश्वेश्वरैया को मॉडर्न मैसूर स्टेट का पिता कहा जाता था. इन्होंने जब मैसूर सरकार के साथ काम किया, तब उन्होंने वहां मैसूर साबुन फैक्ट्री, परजीवी प्रयोगशाला, मैसूर आयरन एंड स्टील फैक्ट्री, श्री जयचमराजेंद्र पॉलिटेक्निक संस्थान, बैंगलोर एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी, स्टेट बैंक ऑफ.मैसूर, सेंचुरी क्लब, मैसूर चैम्बर्स ऑफ.कॉमर्स एवं यूनिवर्सिटी विश्वेश्वरैया कॉलेज ऑफ. इंजीनियरिंग की स्थापना करवाई। इसके साथ ही और भी अन्य शैक्षिणक संस्थान एवं फैक्ट्री की भी स्थापना की गई. विश्वेश्वरैया ने तिरुमला और तिरुपति के बीच सडक़ निर्माण के लिए योजना को अपनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

# शहर में विकास का आएगा तुफान आयुक्त ने दिया आश्वासन



**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर : मीरा-भायंदर शहर के सडक़ों को गड्ढामुक्त करने के लिए बरसात के बाद कंक्रीट के सडक़ों का निर्माण शुरू किए जाने का आश्वासन मनपा आयुक्त प्रशासक संजय काटकर ने विधायक प्रताप सरनाईक को दिया. राज्य सरकार ने मीरा-भायंदर मनपा क्षेत्र में सीमेंट कंक्रीट सडक़ें बनाने की मंजूरी दे दी है. विधायक प्रताप सरनाईक ने बरसात के बाद इसके कार्य की शुरूआत करने की मांग की थी. इसके अलावा शहर को २४ घंटे पानी आपूर्ति करने वाली सूर्या जल आपूर्ति योजना के तहत शहर में पाइप लाइन बिछाने का काम भी शुरू किया जाएगा, ताकि बार-बार सडक़ों की खुदाई न करना पडे.अनेक विकास कार्यों के लिए मिल चुकी है विशेष निधि : मनपा आयुक्त प्रशासक संजय कटकर ने विधायक सरनाईक को बताया कि सभी प्रमुख सडक़ों को करीब १८०० करोड.की लागत से सीमेंट कंक्रीट सडक़ों का निर्माण मानसून के बाद शुरू होगा और प्रशासन ने इस संबंध में काम भी शुरू कर दिया है. इस अवसर पर विधायक सरनाईक ने ३० से अधिक महत्वपूर्ण मुद्दों, विकास कार्यों पर चर्चा एवं समीक्षा की, जिसमें नए मनपा मुख्यालय इमारत, अस्पताल इमारत का निर्माण शुरू करने सहित मराठा भवन के निर्माण, बीएसयूपी के निर्माणाधीन इमारत के लिए पीपीपी पद्धति पर घर बनाने की योजना, शीघ्र शहर के प्रवेश द्वार घोडब़ंदर क्षेत्र में छत्रपति शिवाजी महाराज की भव्य प्रतिमा बनाने, राज्य सरकार के निधि से शहर में स्विमिंग पूल, फुटबॉल टर्फ, लता मंगेशकर संगीत गुरुकुल ऐसे अनेक विकास कार्यों के लिए विशेष निधि मिल चुकी है. इन सभी विकास कार्यों पर विस्तृत चर्चा कर काम को शीघ्र शुरू करने की मांग विधायक सरनाईक ने की. साथ ही मीरा-भायंदर शहर के नए विकास योजना प्रारूप में बस पार्किग, दफन भूमि, मार्केट, घन कचरा प्रकल्प, इलेक्ट्रिक चार्जिग स्टेशन, सर्वधर्म श्मशान भूमि ऐसे विभिन्न आरक्षण रखने की मांग भी सरनाईक ने आयुक्त प्रशासक संजय काटकर से की. आयुक्त ने आवश्यक अनुमतियां लाकर व सभी प्रक्रिया पूरी कर कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिया.




# वॉचमैन ने किया नाबालिग को गर्भवती

मीरा रोड. मीरा रोड पूर्व स्थित नया नगर परिसर की एक इमारत में रहने वाली १५ वर्षीय नाबालिग लडक़ी से उसी इमारत की पानी के पंप रूम में २० वर्षीय वॉचमैन द्वारा दुष्कर्म कर लडक़ी को गर्भवती करने की घटना घटित हुई है. आरोपी वॉचमैन पीडिता के साथ १ फरवरी से २४ अगस्त तक बार-बार संबंध स्थापित किए थे. नया नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भादवि की धारा ३७६ (२) (एन) के तहत बलात्कार और पोस्को की कलम ४, ८, १२ के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. ठाणे सत्र न्यायालय ने आरोपी को २० सितंबर तक पुलिस हिरासत में रखने का आदेश दिया है. वरिष्ट पुलिस निरीक्षक विलास सूपे के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस निरीक्षक इरफान नदाब, प्रणय काटे कर रहे हैं.

# स्टालिन पर मीरा रोड में केस दर्ज

मीरा-भाईंदर : मंगलवार देर रात को मीरा रोड पुलिस स्टेशन ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के स्टालिन के पुत्र और तमिलनाडु के कैविनेट मंत्री उदयनिधि स्टालिन पर एफआईआर दर्ज की है। एफआईआर दर्ज करने की मांग विश्व हिंदू परिषद ने की थी। गौरतलब है कि विगत सप्ताह स्टालिन ने सनातन धर्म को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी । प्राप्त जानकारी के मुताविक, विश्व हिंदू परिषद द्वारा मीरा रोड पुलिस में शिकायत देने के बाद पुलिस ने पब्लिक प्रॉसेक्यूटर से राय मांगी थी। उनकी राय के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज की।







# मीरारोड में स्पोर्ट्स कार्यक्रम हुआ संपन्न, खिलाडियों ने किया अच्छा प्रदर्शन

मीरारोड : मीरा रोड पूर्व के अस्मिता क्लब में २ दिवसीय स्पोर्ट्स उत्सव का आयोजन किया गया था। जिसमें स्केटिंग, टेबल टेनिस, योग, जुंब्बा , हॉलीबॉल, कुंग - फू कराटे आदि खेलों के खिलाडिय़ों ने बढ.चढक़र हिस्सा लिया। ५ से १५ वर्ष के बच्चों ने लगातार २ घंटे स्केटिंग किया। टेबल टेनिस खिलाडिय़ों ने भी उत्साह के साथ अपना प्रदर्शन किया। ७० से भी ज्यादा बार भारत के लिए टेबल टेनिस खेलने



वाले इसके मुख्य अतिथि थे। महिलाओं ने २ घंटो तक लगातार ने योगा और जुंब्बा डांस में हिस्सा लिया। हॉलीबॉल टूर्नामेंट में १८ टीम ने हिस्सा लिया। जिसमे महिला व पुरुष वर्ग के खिलाडी शामिल हुए ।इसमें २ टीम गुजरात और ठाणे से भी आई थी। सुबह ८ से शाम ७ बजे तक यह टूर्नामेंट चला। कुंग फू कराटे के खिलाडिय़ों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। इस स्पोर्ट्स उत्सव का आयोजन क्लब के डायरेक्टर स-यद मजहर मुजफ्फर हुसैन और स्पॉन्सर डी कैथलोन द्वारा किया गया था ।अस्मिता क्लब की ओर से नागेश पुजारी ,मो. यासीन आदि उपस्थित थे।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक-मुद्रक सीमा गुप्ता के लिए (प्रिंटींग) सागर प्रिंट एंड प्रोसेस, प्रगती इंडस्ट्रीयल, एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई - ४०००११ से मुद्रित १०१, १ला माला सेक्टर ११ सी-२८, टी.एम.टी. बस स्टॉप के पीछे, शांतिनगर, मीरारोड (पूर्व), जिला थाना ४०११०७ (महाराष्ट्र) से प्रकाशित संपादक - सीमा गुप्ता, सलाहकार : सुधाकर डी., पी.आर.बी अधिनियम के अंतर्गत समाचारों के चन के लिए उत्तरदायी है। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र केवल जिला थाना रहेगा।
RNI NO. MAHHIN/2004/17839 Mob.No.9757262120 Email :newsjankalyanseva@gmail.com Jankalyan Seva GST No. 27AGUPG9011BIZI